दैनिक
नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

आज का मौसम

भोपाल	↑ 36.2°	↓ 23.6°
इंदौर	↑ 35.4°	↓ 21.4°
ग्वालियर	↑ 40.5°	↓ 25.5°
जबलपुर	↑ 35.8°	↓ 25.4°

सूर्योदय- 5.36 सूर्यास्त-7.10

यश- शुभम के शतकों ... 7

वर्ष- 76 (भोपाल: वर्ष 37 अंक 207, पृष्ठ 8) शनिवार 25 जून 2022 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonlineÐcom

विधायकों के दल-बदल से परेशान नहीं हूं : उद्धव

मुंबई (एजेंसी)।

उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के बीच की जंग अब बेटों पर आ गई है। उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को पार्टी के नेताओं को संबोधित करते हुए एकनाथ शिंदे पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैंने एकनाथ शिंदे के लिए बहुत कुछ किया और बदले में ये आरोप ही मिले। शिवसेना अध्यक्ष ने कहा कि वह विधायकों द्वारा दलबदल से चिंतित नहीं ।

उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे का बेटा शिवसेना से ही सांसद है। मैंने उसके लिए सब कुछ किया। ठाकरे ने कहा कि शिंदे को शहरी विकास का प्रमुख विभाग दिया गया था, जो आमतौर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री के पास रहता है।उन्होंने शिवसेना में विद्रोह के लिए सार्वजनिक रूप से विपक्षी दल भाजपा को दोषी ठहराया, जिसने उनकी महा विकास आघाड़ी गठबंधन सरकार की स्थिरता को खतरा पैदा कर दिया है। इस गठबंधन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस भी शामिल हैं ।मेरे पास जो विभाग थे, उन्हें एकनाथ शिंदे को सौंप दिया गया। यही नहीं इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि भले ही मैंने सीएम आवास छोड़ दी है, लेकिन लड़ाई से पीछे नहीं हटा हूं। उद्धव ठाकरे ने कहा कि मेरे ऊपर आरोप लगाए गए कि मैं लोगों से मिलता नहीं हूं। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर में कोरोना के चलते दर्द रहता था। सिर से लेकर पांव तक परेशानी थी। मेरी आंखें तक नहीं खुल रही थीं, लेकिन मैंने खुद की परवाह नहीं की। मैं पावरगेम में यकीन नहीं रखता।% उद्धव ठाकरे ने कहा, %एकनाथ शिंदे का अपना बेटा सांसद है और टिप्पणियां मेरे बेटे के बारे में की जा रही हैं। मेरे ऊपर बहुत से आरोप उनकी ओर से लगाए गए हैं। इस मौके पर उद्धव ठाकरे आक्रामक भी नजर आए। पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए शिवसेना अध्यक्ष ने कहा कि वह विधायकों द्वारा दलबदल से चिंतित नहीं, क्योंकि वह उन्हें एक पेड़ के रोग पीड़ित फल-फूल मानते हैं । उन्होंने बागी विधायकों की तुलना सूखे पत्तों से करते हुए कहा कि यदि आप लोगों में हिम्मत है तो ठाकरे नाम और शिवसेना के निशान के बिना जीतकर दिखाओ। उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह जो स्थिति पैदा हो गई है, उसके बारे में तो हमने सपने में भी नहीं (शेष पेज 2 पर)

सड़कों पर उतरने की तैयारी में शिवसैनिक, हाई अलर्ट पर महाराष्ट्र पुलिस

महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक संग्राम के बीच शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को तैयार हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने इस संबंध में सभी पुलिस स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है। शिवसेना के 37 और 10 निर्दलीय विधायकों के साथ गुवाहाटी में डेरा डाले हुए एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में विधायकों की बगावत के बाद शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास खाली कर दिया और वे अपने निजी आवास (शेष पेज 2 पर)

शक्ति परीक्षण में बागी विधायक एमवीए का साथ देंगे: राउत

शिवसेना के मंत्री एकनाथ शिंदे की बगावत के बीच पार्टी के सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा में पार्टी का संख्याबल कम हुआ है, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई की बागी विधायक सदन में शक्ति परीक्षण के दौरान राज्य की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को समर्थन देंगे। राउत ने कहा कि संख्या किसी भी वक्त बदल सकती है। मुंबई लौटने के बाद ही बागी विधायकों की पार्टी के प्रति वफादारी की असली परीक्षा होगी।शिवसेना नेता ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को 'धमकाने' के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता नारायण राणे पर भी निशाना साधा। हालांकि (शेष पेज 2 पर)

खास-खबर

तपन नए आईबी चीफ रॉ सचिव सामंत का कार्यकाल बढ़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएस तपन डेका को नया आईबी प्रमुख नियुक्त किया गया है। वहीं, रॉ सचिव समांत कुमार गोयल का कार्यकाल एक साल और बढ़ा दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, आईपीएस तपन डेका को नया आईबी प्रमुख नियुक्त किया गया है। जबकि रॉ सचिव सामंत कुमार गोयल का कार्यकाल एक साल और बढ़ाया गया है। तपन डेका असम के तेजपुर से आते हैं और 1988 बैच के हिमाचल प्रदेश के आईपीएस (शेष पेज 2 पर)

चीनी वीजा घोटाला मामले में कार्ति चिदंबरम को मिली राहत

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट को कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम के खिलाफ 12 जुलाई तक कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का अश्वासन दिया। कथित चीनी वीजा घोटाला मामले में कार्ति की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 12 जुलाई को होगी। जस्टिस जसमीत सिंह ने ईडी को सुनवाई की अगली तारीख से पहले मामले पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा। कार्ति और ईडी के वकील के अनुरोध पर अदालत ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 12 जुलाई (शेष पेज 2 पर)

द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति पद के दाखिल किया नामांकन

प्रधानमंत्री मोदी बने प्रस्तावक, कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद

नई दिल्ली (एजेंसी)।

राष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने अपना नामांकन कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके नामांकन के प्रस्तावक बने हैं।

मुर्मू ने संसद भवन परिसर में राज्य सभा महासचिव और राष्ट्रपति चुनाव के लिए बनाए गए निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में नामांकन दाखिल किया। संसद भवन में उनके नामांकन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, प्रल्हाद जोशी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत के अलावा भाजपा शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, मोदी सरकार के कई मंत्री, सांसद और भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं के अलावा वाईएसआर कांग्रेस के विजयसाई रेड्डी, ओड़िशा की बीजू जनता दल सरकार के दो मंत्री और उसके नेता सस्मित पात्रा, अन्नाद्रमुक नेता ओ. पनीरसेल्वम और थम्बी दुरई तथा जनता दल (यूनाईटेड) के राजीव रंजन सिंह भी मौजूद थे।

मुर्मू ने सोनिया, ममता और पवार से की बात, राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन की अपील की

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार से फोन पर बात की और उनसे राष्ट्रपति चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन करने की अपील की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुर्मू ने नामांकन दाखिल करने से पहले खुद ही तीनों प्रमुख विपक्षी नेताओं से बात की। सूत्रों के मुताबिक सोनिया, ममता और पवार ने मुर्मू को शुभकामनाएं दीं।

गुजरात दंगा मामले में प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट देने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी।न्यायमूर्ति एएम.खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की एक पीठ ने मामले को दोबारा शुरू करने के सभी रास्ते बंद करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्रित की गई समाग्री से मुसलमानों के खिलाफ सामूहिक हिंसा भड़काने के लिए ''सर्वोच्च स्तर पर आपराधिक षड्यंत्र रचने संबंधी कोई संदेह उत्पन्न नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जकिया की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। अदालत ने ''किसी गुप्त उद्देश्य के लिए मामले को जारी रखने की गलत मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि जो प्रक्रिया का इस तरह से गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करके उनके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई की जानी चाहिए। जकिया जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी।शीर्ष अदालत ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विशेष जांच दल (एसआईटी) के 'अथक प्रयासों' के लिए उसकी सराहना की और कहा कि उसने बेहतरीन काम किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईटी की जांच में कोई दोष नहीं पाया जा सकता और मामले को बंद करने से संबंधित उसकी आठ फरवरी 2012 की रिपोर्ट पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित है। पीठ ने मामले को बंद करने संबंधी 2012 में सौंपी गई एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके खिलाफ दाखिल जाकिया की याचिका को खारिज करने के विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश (शेष पेज 2 पर)

जिंदा पकड़ा गया मुंबई हमले का मास्टरमाइंड साजिद मीर

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 (26/11) के आतंकवादी हमलों के मास्टमाइंड साजिद मीर को कथित तौर पर पाकिस्तान में हिरासत में ले लिया गया है। एफबीआई ने मीर को %मोस्ट वांटेड% आतंकी घोषित किया हुआ है। अमेरिकी एजेंसी ने मीर के खिलाफ विदेशी सरकार की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की साजिश करने, आतंकवादियों को सहायता प्रदान करने, अमेरिका के बाहर एक नागरिक की हत्या करने और सार्वजनिक स्थानों पर बमबारी करने के आरोप में मोस्ट वांटेड आतंकी घोषित किया है। मुंबई हमलों में मारे गए 166 लोगों में छह अमेरिकी थे। एफबीआई ने मीर की गिरफ्तारी और दोषसिद्धि के लिए सूचना देने वाले के लिए 5 मिलियन तक का इनाम रखा है। बता दें कि पाकिस्तान सरकार हमेशा से साजिद मीर को लेकर झूठ बोलती रही है। साजिद मीर की मौजूदगी से पाकिस्तान ने हमेशा इनकार किया है। पाकिस्तान ने तो यहां तक दावा किया था कि साजिद मीर की मौत हो चुकी है।

प्रेम प्रसंग में भोपाल के टीआई ने इंदौर में की आत्महत्या,महिला एसआई को भी मारी गोली

भोपाल(काप्र)। राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स थाने में पदस्थ टीआई हाकम सिंह पंवार ने इंदौर के पुलिस कंट्रोल रूम में खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। उन्होंने पहले एक महिला सब इंस्पेक्टर को गोली मारी, इसके बाद खुद अपनी जान दे दी। इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि ये प्रेम-प्रसंग का मामला है। टीआई हाकम सिंह यहां आकर महिला एसआई के साथ कॉफी पी रहे थे। दोनों के बीच किसी बात को लेकर अचानक विवाद हुआ और टीआई ने गोली चला दी। कंट्रोल रूम के बाहर दो फायर की आवाज सुन अन्य पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो वहां कार के पास टीआई हाकम सिंह पवार और एसआई रंजना लहूलुहान हालत में पड़े हुए थे। पुलिसकर्मियों ने समझा कि दोनों को किसी ने गोली मारी है। जब वे पास पहुंचे तो माजरा समझ आया। टीआई के पैरों के पास उनकी सर्विस रिवॉल्वर पड़ी हुई थी। उन्होंने जब महिला तो हिलाया तो वह उठकर बैठ गईं और सड़क पर आ गईं। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में टीआई हाकम सिंह की मौत हो गई। जबकि महिला एसआई रंजना खांडे घायल हो गई हैं। जिन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया है। सिटी स्कैन में रंजना के कान के पास गोली लगने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना (शेष पेज 2 पर)

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड ऑफिस में तोड़फोड़, एसएफआई पर हमले का आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के वायनाड ऑफिस में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। वायनाड ने घटना की पुष्टि भी की है। वहीं, कांग्रेस ने राहुल गांधी वायनाड ऑफिस पर हुए हमले में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की भूमिका का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के ऑफिस में रखी गईं कुर्सियों को भी तोड़ा गया है। ऑफिस में अटैक का वीडियो भी सामने आया है जिसे आप नीचे देख सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कथित तौर पर ऑफिस के कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की गई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से सभी संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों को लेकर जारी आदेश से नाराज भीड़ ने कहना है कि राहुल गांधी इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़े। सुप्रीम कोर्ट ने सभी संरक्षित क्षेत्रों, वन्यजीव अभयारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास एक किलोमीटर के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) को अनिवार्य करने का आदेश दिया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यालय पर हमले की निंदा की। इसके साथ-साथ उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। वहीं, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वायनाड कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना पर कहा कि मुझे लगता है कि सीताराम येचुरी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। केसी वेणुगोपाल ने आगे कहा कि यह घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई है। यह सीपीएम नेतृत्व की स्पष्ट रूप से साजिश है। पिछले 5 दिनों से ईडी उनसे पूछताछ कर रही है, मुझे लगता है कि सीताराम येचुरी आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

क्या 'नए भारत' में सिर्फ 'मित्रों' की सुनवाई होगी, देश के वीरों की नहीं: राहुल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'अग्निपथ' योजना को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए सवाल किया कि क्या 'नए भारत' में देश के वीरों की नहीं, सिर्फ प्रधानमंत्री के 'मित्रों' की सुनवाई होगी ? उन्होंने एक खबर का भी हवाला दिया जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि सेना के एक मानद कैप्टन के अनुसार, 'अग्निपथ' योजना सेना को बर्बाद कर देगी। राहुल गांधी ने ट्वीट किया-एक तरफ़ देश के परमवीर हैं और दूसरी तरफ़ प्रधानमंत्री का घमंड और तानाशाही। क्या 'नए भारत' में सिर्फ़ 'मित्रों' की सुनवाई होगी, देश के वीरों की नहीं?

पंचायत चुनाव कराने के लिए शुक्रवार को राजधानी भोपाल के लाल परेड मैदान से चुनाव दल पोलिंग बूथों के लिए रवाना हुआ।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में नौ सरकारी कर्मचारियों को किया बर्खास्त

जम्मू (एजेंसी)।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में पांच अधिकारियों समेत नौ सरकारी कर्मचारियों को शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया। सभी कर्मचारियों को जम्मू कश्मीर सिविल सेवा नियमन के 226 (2) अनुच्छेद के तहत बर्खास्त कर दिया गया है, जो प्रशासन को 22 साल की सेवा पूरी करने या 48 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद किसी भी समय सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त करने की अनुमति देता है। ये सभी कर्मचारी आवास एवं शहरी विकास विभाग के हैं। उन्होंने कहा कि बर्खास्त किए गए अधिकारियों के खिलाफ विभागीय समितियों द्वारा आरोपों की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा, %अनुच्छेद 226 (2) के तहत नामित समीक्षा समिति द्वारा उन आरोपों की पुष्टि की गई जिनमें धन का दुरुपयोग, अभिलेखों का मिथ्याकरण, फर्जी बिल बनाना, अवैध निर्माण की अनुमति देना और अवैध नियुक्तियां करना शामिल (शेष पेज 2 पर)

स्पेशल खबर केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा.....

देश में दुर्घटना परीक्षणों के आधार पर वाहनों को दी जाएगी स्टार रेटिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि कारों के मूल्यांकन का नया कार्यक्रम 'भारत एनसीएपी' एक ऐसी व्यवस्था देता है जिसके तहत भारत में वाहनों को दुर्घटना परीक्षण में उनके प्रदर्शन के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। गडकरी ने इस बारे में कई ट्वीट किए जिनमें कहा कि भारत नया कार मूल्यांकन कार्यक्रम (भारत एनसीएपी) देश में सुरक्षित वाहनों के विनिर्माण के लिए मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्राहकों को स्टार-रेटिंग के आधार पर सुरक्षित कारों को चुनने का विकल्प देगा और उपभोक्ता-केंद्रित मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि मैंने भारत एनसीएपी (नया कार आकलन कार्यक्रम) शुरू करने के लिए जीएसआर अधिसूचना के मसौदे को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत भारत में वाहनों को दुर्घटना परीक्षण में उनके प्रदर्शन के आधार पर स्टार रेटिंग दी जाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने जोर देकर कहा कि क्रैश परीक्षणों के आधार पर भारतीय कारों की स्टार रेटिंग कारों में संरचनात्मक और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय वाहनों की निर्यात-योग्यता को बढ़ाने के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

घाटी में चार लश्कर टेरर मॉड्यूल गिरफ्तार

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बड़गाम में पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त आइने में एक नार्को टेरर फंडिंग मॉड्यूल का खुलासा हुआ है। यह मॉड्यूल लश्कर-ए-तैयबा द्वारा चलाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान चार आतंकियों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं आतंकियों के पास से बड़ी मात्रा में संदिग्ध वस्तुएं, विस्फोटक, हथियार और वाहन भी बरामद किए गए हैं। शुरुआती छानबीन में चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। इसके मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोग घाटी में पहले से मौजूद लश्कर आतंकियों को सहायता पहुंचाने में शामिल थे। यह लोग इन आतंकियों को तरह-तरह की चीजें, हथियार और जरूरत के अन्य (शेष पेज 2 पर)